हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 3 जनवरी 2025

चोरों ने घर से उड़ा लिया 2.87 लाख का माल

नागपूर. पारडी पुलिस थाना क्षेत्र में स्थित जय अंबेनगर, भांडेवाडी परिसर में एक घर में चोरी की घटना सामने आई है। फरियादी गौतम लिखीराम वर्मा (55) अपने परिवार के साथ बुधवार तड़के करीब 4:45 बजे के बीच कलमना मार्केट में सब्जी खरीदने के लिए गए थे। इस दौरान अज्ञात चोर ने उनके घर का मुख्य दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर ने बेडरूम में रखे लोहे की आलमारी के ड्रॉवर से 1,73,000 रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और घर खरीदने की मूल रजिस्ट्री समेत कुल 2,87,900 रुपये का सामान चुरा लिया।फरियादी परिवार सहित करीब 6:30 बजे के दौरान जब घर पहुंचे तब उन्हें घर में चोरी होने की बात का पता चला और इस घटना की शिकायत पारडी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

खापरखेड़ा में दिनदहाड़े फायरिंग, एक की मौत, दो गंभीर

नागपुर.

नागपुर जिले के खापरखेड़ा में दिन दहाड़े फायरिंग की घटना सामने आई है। जिसमें एक की मौत और दो गंभीर घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही क्राइम ब्रांच और खापरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पवन धीरज हिरनवार, काछीपुरा, नागपुर निवासी के रूप में हुई है। मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था, उसपर हत्या सहित कई अपराध के मामले दर्ज हैं। शुरूआती जाँच में पुरानी रजिश में हत्या की बात सामने आई है।

उपराजधानी में हत्याओं का सिलसिला लगातार जारी है। दोहरे हत्याकांड को अभी 24 घंटे भी बीते नहीं थे कि, गुरुवार को खपरखेड में दिन दहाड़े एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। मिली जानकारी एक अनुसार, युवक पवन धीरज हिरणवार, काछीपुरा, नागपुर निवासी अपने दो दोस्तों के साथ कार से खापरखेड़ा थाना क्षेत्र के बाबुलखेड़ा परिसर से जा रहा था। इसी दौरान तीन दोपहिया में पांच से छह लोग आये और कर पर गोलियां चलाना शुरू कर दी। इस गोलीबारी में पवन की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाकी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के खेतो में काम कर रहे लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। हत्या की बात पता चलते ही खापरखेड़ा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायको को इलाज के लिए जहाँ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक भी एक अपराधी था, उस पर हत्या सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। शुरूआती जाँच में पुरानी रंजिश में हत्या की बात सामने आई है। फ़िलहाल पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम आगे की जाँच कर रही है।

सदर मुस्लिम ग्रंथालय में भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

नागपूर. 1 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक मनाए जा रहे वाचन संकल्प महाराष्ट्र उपक्रम के अंतर्गत सदर मुस्लिम ग्रंथालय में एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर 01 जनवरी 2025 को आयोजित एक सामूहिक वाचन कार्यक्रम में अनजुमन हायस्कूल, सदर के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शनी में शालेय शिक्षक असरार हमीद, ग्रंथालय के सचिव हामिद बिन खालिद कुरेशी, उपाध्यक्ष ॲड. कुतुब ज़ाफर सहसचिव शेख अब्दुल वहिद और ग्रंथालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

अपने उद्घाटन भाषण में श्री वहीदने पुस्तक वाचन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाचन व्यक्ति के ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ उसके मानसिक विकास में भी मदद करता है। एक पखवाड़े चलने वही इस प्रदर्शनी में शैक्षिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। श्री कुरेशी ने ग्रंथालय की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी और बताया कि यह पुस्तक प्रदर्शनी छात्रों के लिए ज्ञान प्राप्ति का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रंथालय का उद्देश्य छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि और जागरूकता पैदा करना है। असरार हमीद ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वाचनसे वे न केवल शिक्षा में बल्कि जीवन के अन्य पहलुओं में भी आगे बढ़ सकते हैं। ॲड. कुतुब ज़ाफर ने वाचन को समाज और व्यक्तिगत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस सफल आयोजन ने छात्रों में वाचन के प्रति रुचि बढ़ाई और वाचन संकल्प महाराष्ट्र के उद्देश्य को भी पूरा किया ।

नववर्ष पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

> 36 घंटे में 1.07 करोड़ के काटे चालान

नागपुर: सोमवार 30 दिसंबर की शाम 4 बजे से लेकर बुधवार 1 जनवरी की सुबह 4 बजे तक ट्रैफिक पुलिस ने शहर के 10 ट्रैफिक जोनों में कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव के 161 मामले दर्ज किए गए, वहीं 11,463 चालकों पर ट्रैफिक नियम तोड़ने के लिए चालान काटा गया। सक्करदरा ट्रैफिक जोन में सबसे ज्यादा शराबी वाहन चालक पकड़े गए। यहां 26 ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले दर्ज किए गए। वहीं, ट्रैफिक नियमों का सबसे अधिक उल्लंघन सोनेगांव ट्रैफिक जोन में हुआ, जहां 1,407 लोगों का चालान काटा गया। लकड़गंज जोन ने जुर्माने के मामले में सबसे आगे रहते हुए 12.82 लाख रुपये वसूले।

प्रमुख जोनवार कार्रवाई के आकड़ों को देखें तो

लकड़गंज: 12.82 लाख रुपये (14 ड्रिंक एंड ड्राइव, 1,359 चालान), सोनेगांव: 12.35 लाख रुपये (12 ड्रिंक एंड ड्राइव, 1,407 चालान), सीताबर्डी: 12.44 लाख रुपये (7 ड्रिंक एंड ड्राइव, 1,336 चालान), सक्करदरा: 10.63 लाख रुपये (26 ड्रिंक एंड ड्राइव, 1,119 चालान)

सभी कार्रवाई में कुल वसूली: 1,07,07,701 रुपये

ट्रैफिक पुलिस अधिकारी की माने तो पुलिस की इस सख्ती का मकसद सड़क हादसों को रोकना और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना है। हालांकि, यह आंकड़े यह भी बताते हैं कि नियमों का पालन करने की आदत अब भी नागरिकों में विकसित होनी बाकी है।

ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों को मारी टक्कर

> दो की मौके पर ही मौत, एक गंभीर रूप से घायल
> हिंगणा-गुमगांव मार्ग पर हुई दुर्घटना

नागपुर. हिंगणा-गुमगांव मार्ग पर देर रात करीब 11 के दौरान एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ है। तीनों दोस्त मोटरसायकल से रात का खाना लेकर घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक ने उनकी मोटरसायकल को जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक अपने ट्रक को घटनास्थल पर ही छोड़कर मौके से फरार हो गया। हिंगणा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर
बाद में उसे गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान आर्यन हुकूमचंद पालिवाल (23) और सुमेध उर्फ सुमित राहुल सिरसाट (17) के रूप में हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल युवक का नाम अरमान रवींद्र मडामें(17) है जिसका इलाज मेडिकल अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत भी नाजुक बताई जा रही है है।

ये तीनों दोस्त महाजनवाडी, वानाडोंगरी के रहने वाले हैं और अच्छे मित्र थे। बुधवार शाम आर्यन अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 40 सीएफ 9933 से गुमगांव से बाहर का खाना लेकर अपने दोनों दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। जैसे ही वे ग्रीन वेलवेट लॉन के पास पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजे 37 पी 7914 ने मोटरसायकल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसायकल चालक आर्यन और पीछे बैठे सुमेध की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घायल अरमान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। तो वहीं इस घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके पर ही अपना ट्रक छोड़कर वहां से फरार हो गया जिसे पुलिस ने ढूंढ कर बाद में गिरफ्तार किया है।

हादसे की जानकारी मिलते ही हिंगना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई कर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया। ये तीनों ही युवक महाजनवाडी क्षेत्र के हैं दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे परिसर में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्रीपेड इलेक्ट्रिक मोपेड के चालक ने व्यक्ति को कुचला, हुई मौत

नागपुर. कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक दुर्घटना घटित हुई, जिसमें 59 वर्षीय विनायक संतोष इंगोले जुनी शुक्रवारी, कुनबीपुरा कोतवाली निवासी नामक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना 19 दिसंबर की शाम करीब 5:15 बजे के दौरान हुई थी।

विनायक इंगोले शाम के कोतवाली के मॉ दुर्गा ड्वेल्स ऑफिस के पास से पैदल जा रहे थे।

इस दौरान एक ओला इलेक्ट्रिक मोपेड (वाहन नंबर एम.एच 49 बी वाय 5515) के चालक ने तेज गति से और लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाते हुए अचानक विनायक इंगोले को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

गंभीर रूप से घायल विनायक इंगोले को तुरंत उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी था, लेकिन दुर्भाग्यवश 1 जनवरी 2025 को शाम 5:20 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना के बाद, पीड़ित की बेटी स्वीटी विनायक इंगोले (24) ने कोतवाली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ के खिलाफ मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है।

विधायक प्रवीण दटके और मनपा आयुक्त ने काम की समीक्षा की

नागपुर : मध्यनागपुर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है मध्यनागपुर विधायक श्री. प्रवीण दटके ने गुरुवार (2) को मनपा मुख्यालय में समीक्षा की. नगर निगम मुख्यालय में आयुक्त कक्ष में नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई . बैठक में पूर्व महापौर श्री दयाशंकर तिवारी , पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष श्री रवीन्द्र पैगवार मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

मध्यनागपुर विधायक श्री. बैठक की अध्यक्षता प्रवीण दटके ने की शहर की प्रमुख सड़कों - पुराना भंडारा रोड , पीला मारबत चौक से पचपावली मंदिर , रामजी पहलवान रोड और पुराना मंगलवार नबाबपुरा रोड के चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य की समीक्षा की गई । बैठक में आयुक्त ने निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण का कार्य निर्धारित अवधि के अंदर किया जाये तथा भूमि स्वामित्व का निबंधन समय पर किया जाये.

नगर निगम के 93 कर्मचारियों का प्रमोशन आयुक्त ने किया है निर्देशित

नागपुर. नागपुर नगर निगम के 93 कर्मचारियों के लिए नया साल महत्वपूर्ण रहा है. नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी के निर्देश पर 51 कर्मचारियों को क्लास-डी से क्लास-सी में पदोन्नत किया गया. साथ ही 20 कर्मचारियों को एमएसडब्ल्यू के पद से विंटर हीट इंस्पेक्टर और 22 कर्मचारियों को स्वच्छता जमादार के पद से स्वच्छता निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है. उनका नियुक्ति आदेश मा . आयुक्त द्वारा किया गया । इन सभी कर्मचारियों की काउंसिलिंग गुरुवार (2) को नगर आयुक्त के कक्ष में की गयी. इस अवसर पर डॉ. चौधरी ने इन सभी कर्मचारियों से चर्चा की और उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों को ठीक से निभाएंगे। ये कर्मचारी नगर पालिका के विभिन्न विभागों के साथ-साथ जोनल कार्यालय में भी हैं नियुक्त किया गया है. नगर निगम स्थापना विभाग के आदेश के अनुसार टैक्स कलेक्टर के 25 , कनिष्ठ लिपिक के 21 और कनिष्ठ लेखाकार के 5 पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को श्रेणी-सी में क्रमोन्नत कर श्रेणी-सी में पदोन्नत किया गया है.

परीक्षा काल में मोबाइल से दूर रहें छात्रः डॉ. भुसारी

नागपुर : परीक्षा के काल में छात्र मोबाइल से दूर रहकर परीक्षा की तैयारी करें यह मार्गदर्शन राष्ट्रीय समुपदेशक डॉ. नरेंद्र भुसारी में अखिल भारतीय पुलक मंच परिवार महावीर वार्ड, नागपुर द्वारा नंदनवन स्थित भगवती गर्ल्स हाईस्कूल व कनिष्ठ महाविद्यालय में आयोजित तनावमुक्त रहकर परीक्षा की तैयारी कैसे करें, परीक्षा में सभी विषय में मार्क्स कैसे बढ़ाएं इस विषय पर छात्राओं को मार्गदर्शन किया।

स्कूल की प्राचार्या वनिता बोहरूपी ने डॉ. नरेंद्र भुसारी, अखिल भारतीय पुलक मंच परिवार शाखा के प्रकल्प संयोजक रमेश उदेपुरकर और नरेश मचाले का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

डॉ. नरेंद्र भुसारी ने कहा सवालों के जवाब देने की क्षमता छात्रों में होना चाहिए।किताब को मित्र मानना चाहिए। अच्छा लिखे, बाहरी गतिविधियों पर ध्यान नहीं देते हुए अपनी पढाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।परीक्षा देनेवाले को परीक्षा तनाव नहीं देती। भाषा पर प्रभुत्व होना चाहिए। शब्द यदि गलत रहे तो उसका अर्थ भी गलत होता हैं। करियर अच्छा होना चाहिए। जीवन में सकारात्मक सोच और स्वयं होकर पढ़ाई करे। यदि हमें जीवन में सफल होना हैं तो प्रसन्नता से पढ़ना चाहिए। हमारा मन प्रसन्न रहना चाहिए। हम स्वयं ही स्वयं के शत्रु हैं। मोबाइल से बुद्धि क्षमता कम होती हैं। परीक्षा के दिनों में मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। तनावमुक्त होकर छात्रों को परीक्षा देना चाहिए। मोबाइल में ध्यान रहने से हमारा पढ़ाई का समय कम होता हैं। आज का काम कल पर नहीं धकेलना चाहिए। करियर को लेकर आगे बढ़े, करियर पर जादा ध्यान केंद्रित करे। जीवन में सकारात्मकता रखे। सकारात्मकता से ज्ञान बढ़ने में मदद होती हैं। कठिन विषयों का अध्ययन करना चाहिए। इसके बाद आसान विषय पढ़ें, धीरे - धीरे घंटों को बढ़ाए लेकिन बीच में ब्रेक लेना भी जरूरी है। परीक्षा के दिनों में मिर्च मसाले, तले हुए खाद्य पदार्थ, फास्ट फूड, परीक्षा को जाते समय दही नहीं खाना चाहिए।

ट्रेन में चोरी और मारपीट, एक यात्री की मौत

नागपुर. रेलवे स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही सिरपुर कागजनगर स्टेशन के पास चलती दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. बताया जा रहा है कि मोबाइल फोन और पर्स चुराने का प्रतिकार करने पर ट्रेन में ही सफर कर रहे 4 अपराधियों ने उसकी बेरहमी से पहले पिटाई कर दी थी जिसकी बाद में मौत हो गई।ट्रेन के नागपुर स्टेशन पर पहुंचते ही इस हत्या में शामिल चारों आरोपियों को जीआरपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है और आगे की जांच कर रही है।

नागपुर रेलवे स्टेशन से करीब 250 किलोमीटर पहले सिरसपुर कागजनगर स्टेशन से गुजरने के बाद चलती दक्षिण एक्सप्रेस ट्रेन (क्रमांक 12721) में हत्या का यह गंभीर मामला सामने आया है. ट्रेन की जनरल बोगी में सफर कर रहे युवक शुशांक राम सिंह राज (25) राजापुर कैमहारा, खीरी, उत्तर प्रदेश निवासी का मोबाइल फोन और पर्स चुराने के चलते उसने चोरों का प्रतिकार किया था जिसके बाद आरोपियों ने उसे पकड़कर जमकर पिटाई कर दी जिसकी बाद में मौत हो गई।

इस मामले में जीआरपी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

जानकारी के अनुसार दक्षिण एक्सप्रेस गुरुवार हैदराबाद से दिल्ली की ओर जा रही थी. ट्रेन में सफर कर रहे युवक शुशांक भी सिकंदराबाद के पास से इस ट्रेन की जनरल बोगी में अपने एक मित्र के साथ सवार हुआ था। वे दोनों इस गाड़ी से झांसी तक का सफर कर रहे थे ।इस दौरान रात करीब 2:30 बजे के दौरान सिरसपुर कागजनगर स्टेशन के पार होते ही शशांक जब नींद में सोया हुआ था तभी उसे पर्स और मोबाइल फोन को जेब से कुछ लोगों द्वारा निकालने का आभास हुआ ।जिसके चलते उसने इसका प्रतिकार किया।

बाद में इन चारों आरोपियों ने उसकी और उसके दोस्त की पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल होने के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाया और उसे खून की उल्टी हुई,जिसके चलते उसकी ट्रेन में ही मौत हो गई। इस घटना के बाद जनरल बोगी में मौजूद अन्य यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन में ही युवक की मौत के बाद ट्रेन की सुरक्षा में तैनात एस्कॉर्टिंग टीम ने इस घटना की जानकारी कंट्रोल रूम को दी थी। इसके बाद रेलवे पुलिस ने ट्रेन के नागपुर स्टेशन तक पहुंचने से पहले जनरल डिब्बे में मौजूद सभी यात्रियों को नीचे उतरने नहीं दिया ।

गुरुवार सुबह 10:15 बजे इस ट्रेन के नागपुर स्टेशन पर पहुंचने के बाद रेलवे डॉक्टर ने उसे जांच के बाद ही मृत घोषित किया । जहां से उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया गया और आरोपियों की पहचान कर चारो को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद फैयाज (19), सैयद समीर(18), एम शाम कोटेश्वर राव (21) और मोहम्मद अमान (19) का समावेश है जो कि हैदराबाद के रहने वाले हैं और शातिर चोर हैं।

आज सुलभाताई हेमंत जकाते की प्रतिमा का अनावरण

> मेजर हेमंत जकाते पब्लिक स्कूल धामना में कार्यक्रम

धामना (नागपुर) :

शिक्षा एवं समाज सेवा को सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर जरूरतमंद विद्यार्थियों और गरीब,असहाय , कमजोर तबकों के सर्वांगीण विकास लिए सतत संघर्षरत रहने वाले एक ऐसी वैचारिक योद्धा का आज जन्मदिन है जिन्होंने अपने शैक्षणिक काल से लेकर , सैन्य अधिकारी के रूप में सेवारत रहते तथा पारिवारिक जीवन में सभी दायित्वों का बखुबी निर्वाहन करते हुए जीवन जिंदगी और जीने की कला के गुण सिखाएं है। ऐसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी , दानवीर एवं कर्मयोगी श्री मेजर हेमंत जकाते भारतीय सैन्य सेवा के तहत भारत- पाकिस्तान और भारत- चीन के साथ दो युद्ध भी लड़ चुके हैं। ऐसे सफल योद्धा के उत्प्रेरक गौरवशाली कार्य हम सबके लिए एक प्रेरणामयी उपलब्धि भी है।आज सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में ऐसी किंवदंती बन चुकी मेजर हेमंत जकाते की धर्मपत्नी स्व. सुलभाताई जकाते के योगदान को भी कभी भूलाया नहीं जा सकता है । जिन्होंने हर क्षेत्र में अपनी बहुमुखी प्रतिभा से सबको प्रभावित भी किया है । उन्हें लेखन क्षेत्र का बाल साहित्य पुरस्कार भी सरकार की और प्राप्त हो चुका है । उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी है जो शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान प्रदान करती है।आज श्री मेजर हेमंत जकाते का जन्मदिन है । और उनके इस जन्मदिवस पर ही उनकी धर्मपत्नी स्व.सुलभाताई जकाते के पुतले का अनावरण शिक्षा के परिसर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए एक कर्मशील ओजस्वी प्रखर प्रवक्ता, लेखिका और निष्ठावान, कर्मठ समाजसेवी के रूप में सदैव प्रेरणा भी प्रदान करता रहेगा। स्मरण रहे कि श्री मेजर हेमन्त जकाते जी ने अपनी प्रतिकृति (पुतले) की भी आदमकद मूर्ति मेजर हेमंत जकाते पब्लिक स्कूल धामना में स्थापित कर अपने विशिष्ट कार्यों का एक प्रतीक स्वरूप निर्माण भी करवाया है। यह भी उनके एक वैचारिक और अविस्मरणीय कार्य को प्रतिलक्षित करता है ।

मेजर हेमंत जकाते पब्लिक स्कूल धामना परिसर में आदमकद पुतले (प्रतिकृति)का अनावरण मनिषा शिक्षण प्रसारक मंडल नागपुर की अध्यक्षा सौ. शीला एम.मुडे व सचिव श्री मधुसूदन एम. मुडे के हस्ते होने जा रहा हैं। ज्ञात होवे कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य लाभ के चलते किन्हीं कारणों से श्री मेजर हेमंत जकाते उपस्थित नहीं हो सकेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सौ.शीला एम.मुडे तथा विशेष अतिथि के रूप में सचिव श्री मधुसूदन एम.मुडे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन मैक्सवेल कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय धामना हुडकेश्वर नागपुर के प्रोफे.व कार्यकारी प्राचार्य डाक्टर तेजसिंह किराड़ करेंगे। इस अवसर पर मेजर हेमंत जकाते पब्लिक स्कूल धामना (चिकना) हुडकेश्वर नागपुर के सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण व सभी विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

कन्हान नदी से रेत चोरी: प्रशासन की अनदेखी से करोड़ों का नुकसान

पारशिवनी.

राजस्व विभाग की अनदेखी और प्रशासन की लापरवाही के कारण पारशिवनी क्षेत्र के पारडी ग्राम के पास कनान नदी से बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा था। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि रेत चोरी के इस गोरखधंधे में राजनेताओं के समर्थकों की भूमिका है।

स्थानीय नागरिकों ने बुधवार सुबह छापामार कार्रवाई कर अवैध रेत का भंडारण पकड़कर तहसीलदार और पटवारी को सौंपा। नागरिकों ने पहले भी इस बारे में तहसीलदार को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। रेत तस्कर बड़ी-बड़ी गाड़ियों में रेत भरकर नागपुर, कामठी, हिंगणा, सावनेर, और अन्य जिलों में ऊंचे दामों पर बेच रहे थे।

वन विभाग की सीमा के पास झाड़ियों में रेत का भंडारण किया जा रहा था। राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की गश्त के बावजूद, अवैध रेत ढुलाई को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उड़न दस्ते की मौजूदगी के बावजूद अधिकारियों को इस अवैध गतिविधि की जानकारी नहीं होना प्रशासन पर सवाल खड़े करता है।

घटना की सूचना मिलने पर उपविभागीय अधिकारी (रामटेक) ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने मामले की जांच के निर्देश भी दिए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। राजस्व विभाग के अधिकारियों, पटवारियों और पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

लोगों का कहना है कि रेत चोरी के इस मामले में राजनेताओं के समर्थक होने के कारण दोषियों पर कार्रवाई होगी या नहीं, यह वक्त ही बताएगा। इस मुद्दे पर जनता में गुस्सा और चर्चा बढ़ती जा रही है। हजारों ब्रास रेत का अवैध उत्खनन कर करोड़ों रुपये का नुकसान किया गया है। इसके बावजूद किसी भी अधिकारी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया। प्रशासन की लापरवाही और तस्करों से नुकसान की भरपाई के सवाल अभी भी अधर में हैं।

> छापामार कार्रवाई में मिला रेत का भंडारण

अवैद्य रेत चोरी मामला उजागर होते ही स्टॉक किया गया रेत का भंडारण राजस्व विभाग द्वारा जप्त किया गया है। वहीं इस प्रकरण की जांच की जा रही है। रेत तस्करी मामले में लिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

- रमेश पागोटे, नायब तहसीलदार, पारशिवनी

आखिर कौन दे रहा है इन रेत तस्करों को बढ़ावा

कन्हान नदि सै रेत उत्खनन कर रेत तस्कर कनान नदि को बंजर बना रहे हैं। वहीं पर्यावरण को नुक्सान पहुंचा रहे हैं। आये दिन रोजाना रेत तस्करी मैं बढ़ोतरी हो रही है। जब की मुख्यमंत्री का जिला होने के बावजुद यह रेत की चोरी धड़ल्ले सै हो रही है। आखिर कार इन रेत तस्करों के खिलाफ अधिकारी भी कारवाई करने से कतराते रहते हे। रेत तस्कर राजकिय पार्टी सै जुड़े होने से राजकीय नेताओं का सहयोग रेत तस्करों को मिलने अनुमान जानकारों द्वारा लगाया जा रहा है।

> राजस्व विभाग को करोड़ों रुपए नुकसान होने का अनुमान

अवैद्य रेत चोरी मामले मैं प्रशासन सै अनेकों बार शिकायत दर्ज करने के पश्चात कारवाई नहीं होने सै प्रशासन के कुछ अधिकारी भी इस घटना मैं लक्ष्मी दर्शन के लिए तस्करों सै मिले होने सै कारवाई की बजाय आंखें मूंद सब देख रहै है। रेत उत्खनन सै पर्यावरण को नुक्सान पोहचाने का काम किया जा रहा है । राजस्व विभाग को भी आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले अधिकारीयों के खिलाफ सक्त कारवाई करने की आवश्यकता है।

- स्वाति मनोज घारड, सरपंच पारडी

पारडी ग्राम की सिमा क्षेत्र मैं कन्हान नदि सै हजारो ब्रास रेत रेत तस्कर चोरी कर ले गए।फिर भी राजस्व विभाग को इस बारे मैं जानकारी नहीं ,यह इन अधिकारीयों के कार्यशैली पर संदेह निमार्ण करने जैसा है। अवैद्य रेत चोरी की लिखित शिकायत तहसिलदार को देने के बाद भी धडल्ले सै रेत चोरी होती रही, जिस से राजस्व विभाग का लाखों रुपए का नुक़सान अधिकारीयों के रहते हुए हुआ है। नदि सै जितनी भी रेत चोरी हुई है उसका हिसाब कर रेत चोरी मैं लिप्त रेत तस्करों सै वसुला जाए ,या जिम्मेदार अधिकारीयों सै वसुला जाए। तभी अवैद्य रेत चोरी मामलों मैं कमी आयेगी

- दीपक भोयर, सामाजिक कार्यकर्ता

शौर्य दिन पर महार बटालियन, समता सैनिक दल ने किया अभिवादन

कन्हान.

भीमा कोरेगाव मे विषमता के विरुद्ध समता एवं समानता के लिए 500 महार योद्धा ने करीबन 28 हजार पेशवाई सैनिको को परास्त कर दिया था उस दिन की याद मे इस कार्यक्रम मे मुख्य संचालन महार सैनिक जय पाटील के द्वारा शुर महार विरो को मान वंदना और सलामी अर्पित करणे कन्हान, कामठी, नागपूर के पूर्व महार सैनिकोने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक कन्हान मे विनम्र अभिवादन कार्यक्रम आयोजित किया.

इस कार्यक्रम मे मानवंदना की सुरुवात भदंत के सी. एस. लामा भन्तेजी द्वारा माल्यार्पण से की गई. तत्पश्चात महार बटालियन के शूर महार सैनिक द्वारा ड्रिल कर के एक एक कर पुष्पचक्र भीमा कोरेगाव स्तंभ पर अर्पित कर 500 भीमा कोरेगाव महार सैनिको को दि गई. महार सैनिको में जयवंत गडपायले, जय पाटील, विलास मेश्राम, सम्राट पगारे, पंजाबराव पाटील, पद्माचंद पंचभाई, उत्तम मेश्राम, अशोक बनसोड, विश्वराज हाडगे, मुकेश सोनेकर राजकुमार पाटील, नागसेन मानकर, दिलीप गेडाम, धनराज चोरपगार, प्रभाकर शिरसाट, धर्मशील सोंनडवले, चंद्रशेखर चहांदे, संजय सोनोने , संतोष शिरसाट, मोहन गावंडे, शिवपाल वाघमारे, रोशन मेश्राम, रमाकांत पानतावणे ने एक एक कर पुष्पचक्र अर्पण कर श्रद्धांजली दी. साथ ही कन्हान पोलीस निरीक्षक राजेंद्र पाटील व समता सैनिक दल के सिंधु वाघमारे, सुशील कळमकर, तुळजा रामटेके, प्रमिला घोडेस्वार, अनिता दुपारे, कल्पना फुलझले द्वारा पुष्पचक्र अर्पण किया गया.

इसके बाद महार बटालियन के सैनिको एवम समता सैनिक दल द्वारा ऊस युद्ध के स्मरणार्थ क्रांति की मशाल को प्रज्वलित किया गया और उसे 12 घंटो तक उन शूरवीर 500 भीमा कोरेगाव महार पराक्रमी सैनिको को याद कर अविरत गति से प्रज्वलित रखा गया. मशाल का आयोजन रॉबिन निकोसे व राजेंद्र फुलझले द्वारा किया गया था. इस मानवंदना के अंततः दो मिनिट का मौन धारण कर शोक कुल बीगुल का आगाज कर श्रद्धांजली दी गयी व महार सैनिक विलास मेश्राम द्वारा वर्ड ऑफ कमांड दे कर शूरवीर ५०० भीमा कोरेगाव महार सैनिको को महार गान व सलामी देकर श्रद्धांजली अर्पित की गई. इस कार्यक्रम मे भदंत के. एस. लामा भंतेजी द्वारा आयोजित सत्कार समारंभ महार बटालियन के महार सैनिको व समता सैनिक दल व अन्य उपासक, उपासिका और सामाजिक कार्यकर्ता का स्मृतीचिन्ह देकर सन्मान किया गया. कार्यक्रम मे उपस्थित अन्य उपासक भगवान नितनवरे, विनायक वाघधरे, दौलत ढोके, मनोज गोंडाणे, राजेश फुलझले, चेतन मेश्राम, आदित्य टेंभुर्णे, नरेश चिमणकर, रत्नदीप , पंकज रामटेके, अभिजीत चांदुरकर ,नितेश मेश्राम आदि बौद्ध अनुयायी अभिवादन कार्यक्रम में उपस्थित थे.

नया बीना बौद्ध विहार में शौर्य दिवस पर मानववंदना

खापरखेड़ा.

स्थानीय भारतीय बौद्ध महासभा, आम्रपाली एवं संघमित्रा महिला मंडल तथा राहुल नवयुवक संघ के तत्वावधान से नया बीना बौद्ध विहार में शौर्य दिवस के अवसर पर भिमा कोरेगांव की लढाई के शहीदों को अभिवादन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत तथागत गौतम बुद्ध, सेनानायक सिद्धनाक, संविधान निर्माता विश्वरत्न, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के छायाचित्र पर सल्लागार समिति के सदस्य जेष्ठ नागरिक तुलशीराम बागडे, कांता बागडे के हाथों से माल्यार्पण तथा नीला झंडा फहराकर और सामूहिक बुद्ध वंदना लेकर की गई.

भारतीय बौद्ध महासभा नया बीना और कार्यक्रम अध्यक्ष जितेंद्र सावजी तागड़े ने अपने अध्यक्षीय भाषण जोर देकर कहा कि भीमाकोरेगांव की लड़ाई बुनियादी मानवाधिकारों की एक उचित मांग और अस्मिता की लड़ाई थी. मीना नरेश ढोके ने गीतों के माध्यम से अभिवादन किया.

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के अनिल लांजेवार, सचिव मुकेश बागडे, नरेश डोंगरे, मनोहर गजभिये, कृष्णाजी वासनिक, ओमप्रकाश गौरकर, किशोर चव्हाण, विनायक गौरकर, चंद्रिकापुरे, सुरेश गजभिये, आनंद वासनिक, पृथ्वीराज गोलाईत आम्रपाली व संघमित्रा महिला मंडल की अंजना मेश्राम, रेखा लांजेवार, बेबी वासनिक, निर्मला चिमनकर, नंदा सोमकुंवर, सत्यभामा वासनिक, सुनंदा लांजेवार, सारिका तागडे, कल्पना वासनिक, प्रिती गोलाईत, प्रिया डोंगरे, कल्पना वासनिक, न्यू परिवर्तन मिशन स्कूल की प्राचार्य अर्चना पाटिल, नेहा रॉय, वैशाली पाटील, प्रवीणा वाघमारे, अंजली निकोसे, सुष्मा पाटील, सना शेख, आसमा शेख, प्रगती दुनेदार व विद्यार्थी, तथा क्षेत्र के बाला-बालिका व नागरिक उपस्थित थे.

कार्यक्रम का प्रास्ताविक वंदना गणवीर, सूत्र संचालन कोषाध्यक्ष रविंद्र ढोके तथा धन्यवाद ज्ञापन मालवी नारनवरे ने किया.

प्लैनेट आईटी को उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान

सावनेर.

विदर्भ पूर्व प्रांत में आईटी प्रशिक्षण के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सावनेर के प्लैनेट आईटी संस्थान को प्रतिष्ठित सुपर परफॉर्मर 1000 क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार महाराष्ट्र ज्ञान महामंडल लिमिटेड (एमकेसीएल) पुणे द्वारा डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, नागपुर में आयोजित वार्षिक विदर्भ पूर्व क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विदर्भ पूर्व के 6 जिलों के 650 कंप्यूटर सेंटर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्लैनेट आईटी को ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली कंप्यूटर शिक्षा देकर रोजगार के योग्य बनाने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस संस्थान के निदेशक अभिषेक सिंह गहरवार ने यह पुरस्कार एमकेसीएल की प्रबंध निदेशक सौ. विना कामथ के हाथों ग्रहण किया। प्लैनेट आईटी सावनेर पिछले 18 वर्षों से छात्रों, पेशेवरों, महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। यह संस्थान सारथी संस्था और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से मराठा और कुनबी समुदाय के छात्रों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए अभिषेक सिंह गहरवार ने सावनेर के माता-पिता, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनकी टीम के अथक परिश्रम और छात्रों के समर्थन के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एमकेसीएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक अतुल पाटोदी, अमित रानडे, नटराज सर, विदर्भ पूर्व समन्वयक श्री शशिकांत देशपांडे, और विदर्भ पूर्व के 6 जिलों के समन्वयक उपस्थित थे।

भीमा कोरेगांव दिवस पर विनम्र अभिवादन

कन्हान : 1 जनवरी को भीमा कोरेगांव स्मृति दिन पर रामटेक लोकसभा विधानसभा क्षेत्र एवं रिपब्लिकन संस्कृतिक संघ कन्हान नागपुर के तत्वाधान में बुधवार को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक में विनम्र अभिवादन का कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में अभिवादन देने वालों में प्रमुखता रिपब्लिकन संस्कृतिक संघ के अध्यक्ष तथा बसपा नेता चंद्रशेखर भीमटे, कन्हान पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक राजेंद्र पाटील, रामटेक विधानसभा अध्यक्ष राजेश पुलझेले, शहर अध्यक्ष शरद मेश्राम, कार्याध्यक्ष संदीप शेंडे, नितिन मेश्राम, मनोज गोंडाने, चेतन मेश्राम, महेश चौहान, सिद्धार्थ पानतावने, महादेव पाटिल, सूर्यभान पाटिल, अशोक पाटिल, नरेश चिमनकर, निशांत मोटघरे, अर्चिता फुलजेले, अनीता पानतावने, सुषमा बन्सोड़ आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे.

डॉ.बाबासाहब का यह अपमान नही सहेगा हिंदुस्तान

> कोंढाली में भीम गर्जना के साथ निकला आक्रोश मोर्चा

कोंढाली.

भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा अपमानास्पद वक्तव्य केविरोध में कोंढाली तथा समिपस्थ ग्रामीण आंचल के एसी, एसटी, ओबीसी, एनटी, वीजे,तथा सभी अल्पसंख्यकों,के साथ साथ समता मैत्री दल कोंढाली एवं संविधान संरक्षण समिति, कोंढाली के प्रतिनिधियों द्वारा भव्य आक्रोश/निषेध मोर्चा निघाला गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के नाम को फैशन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है. इस वाक्यांश का प्रयोग डॉ. बाबासाहब द्वारा अपमानजनक वाक्यांश के रूप में किया गया था। यह वाक्यांश अपमान जनक है, यह अपमान पूरे देश का अपमान है!

भारत रत्न डॉ बाबासाहेब आंबेडकर यह फैशन नहीं बल्कि देश दुनिया का गौरव है. वे हमारे देश के उर्जा केंद्र हैं, और हमेशा रहेंगा। संविधान बदलने के लिए बीजेपी को लोकसभा में 400 सांसद नहीं दिए गए, इसलिए संविधान नहीं बदला जा सका. इसी गुस्से और देश में ईवीएम के खिलाफ बने माहौल के चलते उन्होंने एक देश, एक चुनाव का मुद्दा उठाया और इस मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए अमित शाह ने ऐसा वाक्यांश का उपयोग किया, जिसे देश की जनता ने खारिज कर दिया है.केंद्रिय गृह मंत्री ने

अपने पद रहने का संविधानि हक नहीं है. उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए. इसवी प्रकार और परभणी मामले में एड-सोमनाथ सूर्यवंशी की पुलिस द्वारा हत्या उसके बाद भी पिछड़े वर्ग की बस्तियों पर हमला, सैकड़ों पुलिस द्वारा जो अन्याय किया उससे पिछड़े वर्ग के लोग घायल हुए, संविधान का ऐसा अपमान यह देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. साथ ही शहीद एड सोमनाथ सूर्यवंशी के हत्यारों को सजा दी जाए और सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार को एक करोड़ रुपये दिए जाएं और उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए आदि मांगें आक्रोश मोर्चा प्रदर्शन करने वालों ने कीं.इसी प्रकार बीड़ जिले के मस्सेजोग के सरपंच संतोष देशमुख की निघृण हत्या के आरोपी को फांसी की मांग इस कोंढाली में आक्रोश निषेध मोर्चा प्रदर्शन में किया गया.

यह आक्रोश निषेध मोर्चा समता मैत्री बौद्ध विहार शनिवार पेठ कोंढाली से निकलकर ठवलेपुरा, श्री विट्ठल मंदिर, श्री राम मंदिर, सराफा ओली, मेडिकल चौक, बाजार चौक, एफसी चौक, उमाठे नगर, देशमुख ले आऊट, राम नगर, दाना गंज, चांदनी चौक, बस स्टैंड,माता कुलसुम अम्मा दरगाह से, कोंढाली-वर्धा टी पॉइंट के मुख्य सड़क से कोंढाली नायब तहसीलदार कार्यालय (हुतात्मा स्मारक) के सामने सैकड़ों की संख्या में मार्च करने वाले लोग एक सभा में तब्दील हो गये. इस बैठक में संविधान बचाव समिति के पदाधिकारी दिगंबर डोंगरे, डॉ. संजय ठवले, अरुण भोंगले, रामदास मरकाम, सतीश पाटिल चव्हाण, अरुण उइके सुनील मेश्राम, रणजीत गायकवाड, एड-सुमेध गोंडाने, एकनाथ पाटिल, सुनिल मेश्राम,ने मार्गदर्शन किया.तत्पश्चात मोर्चा के प्रमुखों द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया गया. इस मौके पर बहुजन क्रांति सेना, प्रहार संगठन, वंचित बहुजन संगठन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार), कांग्रेस, अल्पसंख्यक समुदाय के संगठन समेत कई संगठन इस आक्रोश/निषेध मार्च में शामिल हुए.।

इस आक्रोश निषेध मोर्चा के आयोजन पर कोंढाली नगर के सभी व्यापारी दुकाने बंद रखी गयी थी.साथ ही व्यापारिक , सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनों ने बंद का समर्थन किया। काटोल उपविभागीय पुलिस अधिकारी बापू साहेब-रोहोम, कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पुलिस व्यवस्थाचुस्त दुरुस्त रही. कार्यक्रम की सफलता के लिए--सुनील मेश्राम, दीपक मेश्राम, बाबा बागड़े, स्वप्निल व्यास, संजय राऊत, मोहन ठवले, यादव बागडते, दिनेश गिरडकर, प्रवीण भागवत, अफसर हुसैन, रवीकांत शिर्के, विजय दहाट, सुरेंद्र भाजिखाये,अंकित रंगारी, मोहसिन शेख, अन्नू पठान, विनोद गजबे, रोहित गोलाईत, विनोद माकोड़े, सुरेंद्र कुवें, बब्लू गोलाइत,कुणाल भांगे, भूषण चांडक,के साथ ही एससी, ओ.बी. सी, एसटी, एनटी, वीजे और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों काटोल आए बहुजन क्रांति सेना के पदाधिकारी तथा कोंढाली के पुरुषों और महिलाओं, युवा और बुजुर्गों ने आक्रोश निषेध मोर्चा में हिस्सा लिया । बालासाहेब जाधव ने विरोध मार्च में भाग लेने वाले सभी महिलाओं/पुरुषों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, पुलिस और राजस्व प्रशासन का आभार माना ।

जूना कामठी थाने में बच्चों ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

कामठी.

स्कूली बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ ही विभिन्न महकमों की कार्य प्रणाली से अवगत कराने को लेकर स्कूल प्रबंधन के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. ताकि मासूम बच्चे फील्ड से जुड़े कार्य से अवगत हो सके. इसी कड़ी में गुरुवार को शहर में जूना कामठी थाना के तत्वावधान में पुलिस राइजिंग डे पर नूतन सरस्वती स्कूल एवं अविनाश हाय स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन के द्वारा जूना कामठी पुलिस थाने का भ्रमण कराया गया. ताकि वह पुलिस की कार्य प्रणाली से अवगत हो सके. दोपहर के समय बड़ी संख्या में विद्यार्थी पुलिस थाने पहुंचे. यहां पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े ने विद्यार्थियों को पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से विस्तार पूर्वक अवगत कराया. इस दौरान छात्राओं को थाना प्रभारी कक्ष, एफआईआर कक्ष, लॉकअप कक्ष, सायबर क्राइम सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी गई. एफआईआर कैसे दर्ज की जाती है, सीसीटीवी कैमरे कैसे काम करते है. अपराधियों से पुलिस कैसा व्यवहार करती है सहित अन्य कार्य प्रणाली से अवगत भी कराया गया.

इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमडे के मार्गदर्शन में पीएसआय आकाश महल्ले, सागर भंडारी, सपनील चव्हाण, अक्षय सावंत, हेकॉ सूचित, हेकॉ लक्ष्मीकांत, हेकॉ लोणारे, पोकॉ शैलेश यादव, वूपोकॉ वीणा बावनकुळे, वूपोकॉ ज्योती, हेकॉ एतेशाम आदि ने कार्यक्रम के लिए परिश्रम किए.

शौर्य दिवस पर भीमसेना की विजय रैली

> डॉ. आंबेडकर नगर में मनाया गया विजयोत्सव

वाडी.

भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस के अवसर पर वाडी में भीमसेना द्वारा शूरवीरों को श्रद्धांजलि देने और विजयोत्सव मनाने के लिए भव्य अभिवादन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जिला अध्यक्ष रोशन सोमकुवर के नेतृत्व में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा से प्रारंभ हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, तथागत गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और सामूहिक बुद्ध वंदना के साथ हुई। इसके बाद पूर्व जिला परिषद सदस्य दिनेश बंसोड़ और रोशन सोमकुवर ने मशाल प्रज्वलित कर रैली का शुभारंभ किया। रैली में महापुरुषों की वेशभूषा धारण किए हुए युवकों और घोड़े पर सवार शूरवीरों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। पटाखों की आतिशबाजी के बीच रैली ने डॉ. आंबेडकर नगर के विभिन्न चौकों पर भ्रमण किया और ढोल-ताशों की गूंज के साथ बुद्ध विहार पहुंची। रैली का समापन डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर हुआ। इस आयोजन में पूर्व जिला परिषद सदस्य दिनेश बंसोड़, सामाजिक कार्यकर्ता नंदू सोमकुवर, अनिल पुंड, ईश्वर ऊके, भीमराव शेंडे, दिलीप भोरगडे, वसंता मेश्राम और अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया और शुभकामनाएं दीं। रैली की सफलता में सूरज वानखेडे, चंदू सोनपिंपले, शुद्धोधन सोनवणे, सारीपुत्र वानखेडे, निखिल भरतवाड़े, सिद्धार्थ खोब्रागड़े, रितेश सोमकुवर, निशांत लोणारे, आनंद वानखडे, सोनू मेश्राम, वासू सरोदे, देवचंद नाइक, अमित रंगारी, राकेश रामटेके, अवि राउत, राजेश खोब्रागड़े, अंकुश रामटेके, गुणवंत सोमकुवर, प्रवीण शिंगाड़े, देविदास मसराम, दीपाली मेश्राम, संगीता नंदागवली, बबीता सोमकुवर, मनीषा राऊत, बेबी वानखेडे, कमला भरतवाड़े, मायाबाई कांबले, शशिकला थोराट, ममता मडके, सविता घेवेंड़े, रेखा नाइक और पुष्पा लोणारे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

यह रैली शौर्य और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत बनी।

नगर परिषद के कर्मी मेश्राम के लिए शोकसभा

उमरेड : नगर परिषद उमरेड जोगीठाणा पेठ निवासी यशवंत शंकरराव मेश्राम उम्र 57 का निधन हुआ मोक्षधाम उमरेड मे आज शोकसभा पूर्व नगराधक्ष गंगाधर रेवतकर कीं अध्यक्ष ता में हुई l संचालन न प के आरोग्य निरीक्षक दिलीप चव्हाण ने किया l शोकसभा मे विकास शिरसिकर, हरिश्चन्द्र झाडे, विलास रायपूरकर अनेक नगरपरिषद के कर्मचारी शहर के सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार तथा समाजबंधु उपस्तिथ थे l

नए साल में ग्राहकों को महावितरण का तोहफा

> ग्रो ग्रीन विकल्प चुनने पर बिजली बिल पर 120 रूपये की छुट

गोंदिया.

महावितरण ने नये साल के तोहफे के रूप में ग्रो ग्रीन सेवा विकल्प चुनने पर बिजली बिल में तुरंत 120 रूपये की एकमुश्त छूट देने की घोषणा की है। गौरतलब है कि, महावितरण द्वारा कागज बचाओं, पर्यावरण बचाओं की अवधारणा के तहत ग्रो ग्रीन सेवा क्रियान्वित की जा रही है। इसके तहत इस योजना के ग्राहकों को मासिक बिजली बिल में 10 रूपये की छूट दी जाती थी, लेकिन अब से पहले बिल पर अलगे 12 महिने के लिये एकमुश्त 120 रूपये की छूट मिलेंगी। ग्रो ग्रीन सेवा का विकल्प चुननेवाले इन ग्राहकों को महावितरण हर महिने मुद्रित कागज बिल की बजाए ई-मेल के माध्यम से बिजली बिल भेजता है, इसके अलावा ग्रो ग्रीन ग्राहकों को उनके मासीक बिजली बिल पर 10 रूपये की छूट दी जाती है। महावितरण ने अब एक अहम फैसला लिया है। अब ग्रो ग्रीन सेवा चुननेवाले ग्राहकों को हर महिने की बजाए पहले महिने में बिजली बिल पर 120 रूपये की एकमुश्त छूट दी जायेगी। महावितरण के 3 करोड निम्न दबाव ग्राहकों में से अब तक 4 लाख 62 हजार अर्थात 1.15 फीसदी ग्राहकों ने ग्रो ग्रीन सेवा का विकल्प चुना है। भविष्य में इस राशी को बढ़ाने के लिये महावितरण ने ग्रो ग्रीन विकल्प चुननेवाले ग्राहकों को बिजली बिल में 120 रूपये की एकमुश्त छूट देने का निर्णय लिया है। सभी पंजीकृत बिजली उपभोक्ताओं को ग्रो ग्रीन सेवा विकल्प चुनने के लिये महावितरण की ओर से एक एस.एम.एस भेजा जायेंगा। विकल्प चुनने पर बिजली बिल में तुरंत 120 रूपये की एकमुश्त छूट दी जायेगी। इसके बाद अलगे वर्ष ओर सेवा के लिये पंजीकरण रद्द होने तक बिजली बिल पंजीकृत ई-मेल पर भेजा जायेंगा और इसके बाद बिजली बिल में 10 रूपये प्रतिमाह की छूट दी जायेंगी। महावितरण ने ग्राहकों से इस योजना का लाभ उठाने का आव्हान किया है।

विधायक समीर कुणावार के जन्मदिन पर लड्डू-तुला कार्यक्रम

हिंगनघाट.

1 जनवरी को हिंगनघाट शहर में कार्यसम्राट, उत्कृष्ट संसदपटु और विधायक समीरभाऊ कुणावार का जन्मदिन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीसरी बार विधानसभा चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाने वाले विधायक कुणावार के जन्मदिन पर शहर के सुभाष चौक पर भव्य लड्डू तुला कार्यक्रम आयोजित किया गया.

आशीष पर्बत मित्र परिवार और भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पटाखों की भव्य आतिशबाजी और ढोल-ताशों की गूंज के साथ विधायक समीरभाऊ कुणावार का सम्मान किया गया। इस मौके पर उपस्थित नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और हिंगनघाट के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर दिनेश वर्मा, अनिल गैरवार, भास्कर शेंडे, चंदू मालवे, अमोल राऊत, धनेश्वर भागवते, राजेश मकरंद, धनश्री मालवे, सागर अंडरस्कर, दीपक धमसे और विजय धुमाले ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर छोटे-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन कर विधायक कुणावार को शुभकामनाएं दीं। सुभाष चौक पर आयोजित लड्डू तुला समारोह इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा।

विधायक समीरभाऊ कुणावार ने जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्यार और समर्थन ही उनकी ताकत है, और वे विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे।

मानसिक तनाव में कार्य कर रहे एसटी कर्मचारी

> गोंदिया डिपो में चालक-वाहकों के 44 पद रिक्त

गोंदिया.

राज्य परिवहन महामंडल (एसटी) के गोंदिया एसटी डिपो में चालक एवं वाहकों के 44 पद रिक्त होने के कारण अन्य कर्मियों पर काम का बोझ बढ़ गया है। फेरियां अधिक व कर्मचारी कम होने से चालक-वाहकों को लगातार सेवाएं देनी पड़ रही है। छुट्टियां लेने में भी उन्हें परेशानी हो रही है। जिससे वे मानसिक तनाव में कार्य कर रहे हैं।

गौरतलब है कि गोंदिया एसटी डिपो में 124 चालक एवं 124 वाहकों (कंडेक्टर) के पद मंजूर है। जबकि अब गांव-गांव में एसटी बसे दौड़ रही है। एसटी की फेरियां तो बढ़ गई। लेकिन चालक-वाहकों की संख्या नहीं बढ़ने से उपलब्ध कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया डिपो में वर्तमान में 82 चालक, 62 वाहक एवं चालक सहित वाहक के 57 पद भरे हुए हैं। अर्थात 244 में से 201 पदों पर ही कर्मचारी नियुक्त है। 31 दिसंबर को 1 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ है। अर्थात अब डिपो में कुल मिलाकर 44 कर्मचारियों की कमी है। डिपो में कुल 74 बसें है। जिनकी प्रतिदिन 325 से अधिक फेरियां होती है। कर्मचारियों की कमी के कारण नियोजित फेरियां चलाए तो कैसे? यह सवाल डिपो प्रबंधक के सामने निर्माण हो गया है। फेरियां कवर करने के लिए उपलब्ध चालक-वाहकों की लगातार ड्युटी लगाए जाने से उनका मानसिक एवं शारिरीक स्वास्थ्य पर विपरीत परिणाम हो रहा है। कर्मचारी कम होने से उनकी छुट्टियों पर भी असर हो रहा है। कई बार कर्मचारियों के घर पर अत्यावश्यक काम होते हुए भी उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाती। एक ओर कर्मचारियों को छुट्टी देने में डिपो प्रबंधन मजबूरी में असफल हो रहा है। वहीं दुसरी ओर समय पर छुट्टियां नहीं मिलने एवं काम के अतिरिक्त बोझ से कर्मचारी त्रस्त हो गए है। जिसके चलते महामंडल के कर्मचारियों में रोष पनपता नजर आ रहा है।

विदर्भ में गोंदिया रहा सबसे कूल

गोंदिया.

पिछले कुछ दिनों से बदरीले मौसम के कारण जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हुई तथा तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने से ठंड का एहसास कुछ कम हो गया था, लेकिन अब जैसे ही मौसम वापस साफ हो रहा है, वैसे-वैसे फिर से सर्दी का एहसास शुरू हो गया है। वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को संपूर्ण विदर्भ में गोंदिया जिला सबसे ठंडा रहा। जिले में आज अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सीयस तो न्युनतन तापमान 13.5 डिग्री सेल्सीयस दर्ज किया गया है, जो विदर्भ में सबसे कम रहा। दो दिनों से मौसम साफ रहने के कारण ठंड का एहसास फिर से शुरू हो गया है, जो गर्म कपड़े नागरीकों ने पहनने बंद कर दिये थे वह फिर से उपयोग में लाने लगे है। शाम होने के बाद वातावरण में ठंड का असर फिर से दिखाई पड़ने लगा है। इस वर्ष सर्दी के मौसम में जिले में सबसे कम न्युनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सीयस दर्ज किया गया था। मौसम खुलने के बाद अगले कुछ दिनों में ठंड और भी बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों की माने तो मौसम का साफ होना रब्बी फसल के लिये अनुकुल है। बदरीले मौसम से तुअर, सरसों जैसी फसलों को जो नुकसान की आशंका थी, वह अब कम हो गई है।

मशहूर गायक रविंद्र साठे का रविंद्र संगीत कार्यक्रम कल

वर्धा.

जय महाकाली शिक्षण संस्था एवं सृजन म्यूजिकल के सहयोग से 4 जनवरी 2024 शनिवार को शाम 7 बजे अग्निहोत्री कॉलेज के शिव शंकर सभागार में सुप्रसिद्ध गायक रवीन्द्र साठे का रवीन्द्र संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इस कार्यक्रम में रवीन्द्र साठे अपने अनोखे गानों से कॉन्सर्ट में चार चांद लगाएंगे और उनके साथ गायक शशिकांत बागडे, अवंतिका धूमने और ईशा रानडे कॉन्सर्ट का रंग बढ़ाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय महाकाली शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री करेंगे, जबकि आयोजक शशिकांत बागडदे है.

जबकि कार्यक्रम का संचालन ज्योति भगत करेंगे. चारु सालवे का संगीत संयोजन रहेगा. हालाँकि, आयोजकों ने सभी इच्छुक दर्शकों से इस संगीत समारोह का आनंद लेने की अपील की है।

911 गांवों की खरीफ फसल की पैसेवारी 50 फीसदी से अधिक

गोंदिया.

गोंदिया जिला प्रशासन ने खरीफ मौसम 2024-25 में खरीफ की फसल की अंतिम पैसेवारी घोषित कर दी है। जिसके अनुसार गोंदिया जिले में कुल 955 गांव है। जिनमें से 36 गांवों में खरीफ फसल नहीं लगाई गई। शेष 919 गांवों में से 911 गांवों में खरीफ फसल में मुख्य रूप से धान की फसल ही लगाई गई थी। जिसकी अंतिम पैसेवारी के अनुसार सरकार ने 911 गांवों की पैसेवारी 50 पैसे (प्रतिशत) से अधिक घोषित की है। जबकि केवल 8 गांव ऐसे हैं, जिनकी पैसेवारी 50 प्रतिशत से कम है। शासन द्वारा घोषित की गई पैसेवारी को देखते हुए जिले में इस वर्ष खरीफ मौसम में धान की फसल बेहतर रहने की स्थिति स्पष्ट हो गई है। जिलाधिकारी ने 31 दिसंबर 2024 को ही जिले की पैसेवारी से संबंधित सूचना राज्य के अपर मुख्य सचिव राजस्व एवं वन विभाग के साथ ही विभागीय आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों को प्रेषित की है।

धारा 307 के तहत 12 साल का सश्रम कारावास और 10,000 रुपये का जुर्माना

हिंगनघाट.

दिनांक 20 मई 2021 को चिचघाट (आजंती), तहसील हिंगणघाट, जिला वर्धा निवासी सी. चंद्रकलाबाई रामाजी शेडमाके (60 वर्ष) पर जानलेवा हमला हुआ। घटना के दौरान आरोपी दिनेश शंकर आडे ने कुल्हाड़ी से वार कर चंद्रकलाबाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस मामले में 31 दिसंबर 2024 को हिंगणघाट के जिला एवं सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाया। न्यायालय ने आरोपी दिनेश शंकर आडे को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत 12 साल का सश्रम कारावास और 10,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर आरोपी को 6 महीने अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा, धारा 506 के तहत आरोपी को 1 साल का सश्रम कारावास और 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने पर उसे 1 महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इस मामले की सुनवाई हिंगणघाट के जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती वर्षा बी. पारगांवकर की अदालत में हुई। सरकारी पक्ष की ओर से सरकारी वकील दीपक एम. वैद्य ने 12 गवाहों को पेश किया और पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी सिद्ध किया। मामले की जांच अधिकारी पुलिस उपनिरीक्षक अभिषेक अशोक बागडे (पुलिस स्टेशन, हिंगणघाट) ने की। उन्होंने आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत अदालत में पेश किए। इसके अलावा, कोर्ट पैरवी अधिकारी के रूप में पुलिस हवलदार रंजना झिलपे ने प्रकरण में विशेष परिश्रम किया।

यह सजा न्यायालय द्वारा आरोपी के खिलाफ प्रस्तुत ठोस सबूतों और प्रभावी पैरवी के आधार पर सुनाई गई है।

गोंदिया शहर में चोरी की वारदातों को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

गोंदिया.

गोंदिया शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में 29 दिसंबर की देर रात अज्ञात शातिर चोरों ने पांच दुकानों के शटर तोड़कर करीब 3 लाख रुपए से भी अधिक की नगद राशि चोरी कर ली। इस घटना ने व्यापारियों और नागरिकों के बीच भय का माहौल निर्माण कर दिया है। चोरी की यह वारदातें पुलिस स्टेशन के नजदीक हुई है। जिससे गोंदिया की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 31 दिसंबर को व्यापारियों द्वारा शहर पुलिस निरीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बाजार में स्थित आनंद इलेक्ट्रिकल्स से 3 लाख 2 हजार, अप्पाजी मेन्स वेअर से 30 हजार, न्यू विक्की कलेक्शन से 9 हजार 600, खजानामल सलामतराय आहुजा दुकान से 5 लाख 400 रुपए अज्ञात चोरों द्वारा चुराए गए हैं। इस वारदात से गोंदिया शहर के व्यापारियों के साथ-साथ नागरिकों में खौफ का माहौल निर्माण हो गया है। शहर के व्यापारियों ने मांग की है कि चोरी की घटनाओं की तत्काल जांच कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। रात्रि गश्त को नियमित और प्रभावी बनाया जाए। बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को तुरंत चालू किया जाए। व्यापारियों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने 31 दिसंबर को शहर पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। ज्ञापन देते समय महेश आहूजा, संजय जैन, विनोद चांदवानी, ठाकुर तोलानी, लालजी आहूजा, मनीष पृथ्यानी, विक्की मोटवानी, किशन नागवानी, मनीष पोपट, निखिल राजगुरु और मंगेश श्रीवास उपस्थित थे।

आखिर रानी अवंतीबाई चौक पर शुरु हुआ ट्राफिक सिग्नल

गोंदिया.

गोंदिया शहर के अवंतीबाई चौक में भारी यातायात रहने की वजह से वाहन चालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उसी प्रकार ट्रकों के निरंतर आवाजाही के कारण यहां दुर्घटनाएं घटित होते रहती थी। विगत दिनों एक सड़क दुर्घटना में महिला शिक्षिका की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा सड़क पर उतरकर आंदोलन किया गया और यहां ट्राफिक सिग्नल लगाने की मांग रखी गई। आखिरकार रानी अवंतीबाई चौक में प्रशासन की ओर से ट्राफिक सिग्नल शुरु कर दिया गया है।

31 दिसंबर को नगर परिषद प्रशासन ने यातायात शाखा की मांग पर नप के मुख्याधिकारी संदीप छिद्रवार के सहयोग से अवंतीबाई चौक में पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा के आदेश पर ट्राफिक सिग्नल क्रियान्वित किया गया है। साथ ही यातायात बूथ की स्थापना भी की गई है। उक्त सिग्नल यातायात शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक राहुल पाटील, पुलिस हवलदार पारधी, हर्षे, मुठे, गजभिये ने यातायात शाखा के पुलिस निरीक्षक नागेश भास्कर के मार्गदर्शन में सिग्नल से यातायात को सुचारु रखने का कार्य शुरु किया है। बता दें कि अवंतीबाई चौक में अनेक दुर्घटनाएं हुई।

जिसमें काफी लोगों को जान गवाना पड़ा। कुछ माह पूर्व एक महिला की जान जाने से स्थानिक नागरिकों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के जिला अध्यक्ष सौरभ रोकड़े, मनोज भंडारकर, मनीष अग्रहरि, शेखर चामट सहित अन्य लोगों ने रास्ता रोको आंदोलन किया। जहां प्रशासन से पत्र व्यवहार किए गए। जिसका संज्ञान लिया गया और सौरभ रोकड़े के प्रयासों को सफलता प्राप्त हुई है।

प्राचार्य डॉ. इशरतुल्लाह खान सेवानिवृत्त

वर्धा.

मौलाना आजाद उर्दू जूनियर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इशरतुल्ला खान 31 दिसंबर को 30 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गये. कॉलेज हॉल में मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष हाजी अख्तर इसाजी की अध्यक्षता में विदाई समारोह आयोजित किया गया. समारोह में मुस्लिम एजुकेशन सोसायटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद अली, सचिव हाजी हुसैन अली, कोषाध्यक्ष हामिद अली रिजवी, कार्यकारिणी सदस्य इमरान राही, रोशन अली, शब्बीर अली, नूर अली, शहीद अली, अब्दुल रशीद, शकील , कॉलेज के नई प्राध्यापिका प्राचार्या परवीन बानो जहीर खान, मोहम्मद हनीफ, अब्दुल सत्तार शेख एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा डॉ. इशरत खान को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुहम्मद अली, हुसैन अली, इमरान राही आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मुमताज खान ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सैफा नाज ने किया.

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रा. इरफान बेग, प्रा.मोहम्मद अज़हर, मोहम्मद आरिफ, शमीम सुल्ताना, इशरत अंजुम, शाजिया तब्बसूम, इकबाल शेख, शबाना परवीन, एहसान राही, जावेद खान, इरशाद खान ने अथक प्रयास किया.

आंगनवाड़ी सेविकाओं का काम हुआ आसान

> पोषण ट्रैकर एप में मराठी भाषा का विकल्प
> अंगरेजी में जानकारी भरना रहता था मुश्किलों भरा

गोंदिया.

आंगनवाड़ी केंद्रों में चलनेवाले कामकाज की जानकारी पोषण ट्रैक्टर एप में दर्ज किया जाता है। वहीं कुछ दिन पहले पोषण ट्रैकर एप में भाषा को लेकर एक बड़ा बदलाव किया गया है। इसके पहले पोषण ट्रैकर एप में काम करने की अंगरेजी भाषा हुआ करती थी एवं एप में पूरी जानकारी अंगरेजी भाषा के जरीये दर्ज करनी पड़ती थी। ऐसे में कई आंगनवाड़ी सेविकाओं की पढ़ाई लिखाई कम रहने के चलते उन्हें अंगरेजी में जानकारी भरने को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं अब पोषण ट्रैकर एप में बड़ा बदलाव करते हुए कामकाज की भाषा के लिए मराठी का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। जिससे आंगनवाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण ट्रैकर एप के साथ काम करना काफी आसान हो गया है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद राज्य में पोषण अभियान पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत रियल टाइम मॉनिटरिंग अंतर्गत प्रत्येक आंगनवाड़ी सेविका व मुख्य सेविकाओं सहित तांत्रिक मनुष्यबल को वर्ष 2019 में स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए थे। जिले में लगभग 1900 आंगनवाड़ी केंद्र है। जिनमें कार्यरत लगभग 3900 आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं को स्मार्टफोन दिए गए थे। लेकिन यह स्मार्टफोन उनके लिए सिरदर्द साबित होने लगे थे। ऐसे में आंगनवाड़ी सेविकाओं ने अपने-अपने मोबाइल हैंडसेट सरकार के पास जमा कराते हुए खुद को अच्छा मोबाइल देने के साथ ही मराठी भाषा के साथ पोषण ट्रैकर एप उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई थी। पिछले अनेक वर्षों से मांग पर अनदेखी की जा रही थी। इसके बाद आंगनवाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन मिले, लेकिन उसमें पोषण ट्रैकर एप अंगरेजी भाषा में था। जिसके चलते आंगनवाड़ी सेविका व सहायिकाओं को उसमें अपने काम की जानकारी दर्ज करना मुश्किल जाया करता था। ऐसे में उन्हें इसके लिए किसी अन्य की सहायता लेनी पड़ती थी। लेकिन अब पोषण ट्रैकर एप में मराठी भाषा को अपडेट किया गया है।

जिले की 543 ग्राम पंचायतों में कामकाज हुआ ठप्प

> बीड़ जिले में सरपंच की हत्या के खिलाफ तीन दिवसीय जिला स्तरीय आंदोलन

गोंदिया.

राज्य के बीड जिले में सरपंच की हत्या एवं धाराशिव जिले में सरपंच को पेट्रोल से जिंदा जलाने के प्रयास जैसी घटनाओं के निषेधार्थ गोंदिया जिले की सभी 543 ग्राम पंचायतों में 31 दिसंबर 2024 से तीन दिवसीय काम बंद आंदोलन शुरू किया गया है। यह आंदोलन 2 जनवरी 2025 तक जारी रहेंगा। आंदोलन के पहले दिन 31 दिसंबर को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शासकीय कामकाज पुरी तरह ठप्प रहा, जिसके चलते अनेक नागरीकों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए। गोंदिया जिला सरपंच संगठन के नेतृत्व में यह आंदोलन शुरू किया गया है।

बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर उनकी हत्या की गई, इस घटना की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी की, धाराशिव जिले में एक दुसरे सरपंच की कार की तोड़फोड़ कर उन्हें पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किये जाने की घटना प्रकाश में आयी। इस तरह की घटनाएं प्रगतीशील महाराष्ट्र की अस्मिता को कलंक लगानेवाली है, जिन्हें रोका जाना अति आवश्यक है। इसी मांग को लेकर सरपंच संगठन आक्रमक हो गया है।

संगठन ने इन घटनाओं के निषेधार्थ 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक ग्राम पंचायतों को बंद करने का आव्हान किया है, जिसके बाद आज सरपंच एवं सदस्यों ने आव्हान को शत-प्रतिशत प्रतिसाद देते हुए सभी ग्राम पंचायतों का कामकाज बंद रखा।

सरपंच देशमुख हत्या प्रकरण के आरोपीयों को फांसी की सजा देने, सरपंचों की सुरक्षा के लिये विशेष कानुन बनाने, सरपंच एवं पदाधिकारियों को बीमा संरक्षण देने, मृत सरपंच के परिवार को आर्थिक सहायता देने आदि मांगों के लिये यह आंदोलन शुरू किया गया है। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने काले फीते लगाकर ग्राम पंचायतों के सामने घटना के निषेध में नारेबाजी भी की।

डबल-हिट लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में की सफलता हासिल

नागपुर.

1020-बेड वाले शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एसएमएचआरसी) के जनरल सर्जरी विभाग ने 29 वर्षीय एक पुरुष मरीज पर पहली बार संयुक्त मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की। यह उन्नत सर्जरी, जो नि:शुल्क की गई, वंचित समुदायों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए वरदान साबित हुआ यह अभियान "महा आरोग्य शिविर" के दौरान आयोजित किया गया, जिसमें काटोल निवासी मरीज की पहचान की गई। मरीज को चार दिनों से इनगुइनल और स्क्रोटल सूजन की शिकायत थी और चार साल पहले की चोट के इतिहास के बाद, उसे दाहिने अंडकोष का अवरोहण न होना और दाहिने जन्मजात हर्निया का निदान हुआ।

सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव सोनारकर के नेतृत्व में सर्जिकल टीम ने राइट लेप्रोस्कोपिक ऑर्किडेक्टॉमी और राइट ट्रांसएब्डोमिनल प्री-पेरिटोनियल (TAPP) हर्निया रिपेयर एक ही सत्र में किया। इस प्रक्रिया ने मरीज की रिकवरी का समय कम कर दिया और इलाज के परिणामों में सुधार किया। यह सर्जरी टीम में डॉ. तन्मय और डॉ. अश्विनी कुमार शामिल थे, जबकि एनेस्थीसिया का प्रबंधन डॉ. रिपॉन और डॉ. शिवानी द्वारा किया गया। ऑपरेटिंग थिएटर (ओटी) स्टाफ में सिस्टर वैशाली और सिस्टर सीमा ने सर्जरी को सुचारू रूप से अंजाम दिया, जबकि सिस्टर नंदिनी, सिस्टर सोनिया और ब्रदर मनीष ने ऑपरेशन से पहले और बाद में बेहतरीन देखभाल सुनिश्चित की। प्रशासनिक समन्वय का नेतृत्व डॉ. ईशांगी निमगड़े और श्री अशीष दारने ने किया। इस उपलब्धि पर डॉ. राजीव सोनारकर ने कहा, "मिनिमली इनवेसिव तकनीक के लाभ जैसे छोटे चीरे, कम दर्द, हॉस्पिटल में कम समय तक रहना और तेजी से रिकवरी इस सर्जरी का हिस्सा हैं। मरीज को कुछ घंटों के भीतर ही बिना किसी जटिलता के चलने-फिरने में सक्षम बनाया गया।" डॉ. अनुप मरार, डायरेक्टर, डीएमआईएचईआर हेल्थ कैंपस ने टीम की सराहना की और शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की प्रतिबद्धता को मजबूत बताया।

डॉ. वसंत गवांडे और डॉ. सुधीर सिंह के नेतृत्व में शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर स्वास्थ्य सेवा वितरण में नए मानक स्थापित कर रहा है, और इस डबल-हिट सर्जरी की सफलता ने उसे चिकित्सा प्रगति और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल में अग्रणी बना दिया है।

बेतरतीब कचरा प्रबंधन से दिग्रसवासी परेशान

> जनता भुगत रही पालिका प्रशासन की कोताही का खामियाजा

दिग्रस

स्थानीय पालिका प्रशासन की लापरवाही और कोताही की बदौलत जमानेभर की बदहाली मानो जैसे दिग्रस शहर का मुक्कदर बन गयी है. बेतरतीब कचरा प्रबंधन से जनता त्रस्त हो चुकी है. दिग्रस शहर में इन दिनों नागरी समस्याओं की झड़ी लगी हुई है. मसलन शहर में कांजी हाउस याने कोंडवाडा खाली पड़ा है और बेलगाम मवेशी याने पालतू जानवर शहर भर की सड़कों पर खुलेआम घूम रहे है. शहर में कचरा उठाने वाले 16 वाहनों के होते हुए भी कचरे का ठेका चला रही पुणे की क्यू मैक्स कंपनी और पालिका के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की हठधर्मी के कारण शहर की प्रमुख सड़को पर कचरे के अंबार लगे हुए है. शहर की बदहाल सड़के साफसफाई के लिए व्याकुल है. बाजार सहित गली मुहल्लों में गंदगी से लबालब नालियां पालिका प्रशासन की घनघोर लापरवाही की ओर इशारा कर रही है. दिग्रस शहर के मौलाना अबुल कलाम आजाद मार्केट के रास्ते पर याने पुराने आरणी नाका से कच्ची चौक की ओर जाने वाले रास्ते पर जमा कचरे का अंबार दिग्रस नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और काम मे कोताही की मिसाल बने हुए है. उपरोक्त रास्ते से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं.ऐसे में सड़क के बीचोबीच कचरे के ढ़ेर दिग्रस नगरवासियों के धैर्य को मुँह चिढ़ा रहे है.

क्यू मैक्स कंपनी को खुली छूट तो नही! एक तरफ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी और कचरे का ठेका चलाने वाले ठेकेदार शहर में कचरा ढोने वाले सभी 16 वाहन इस्तेमाल में लाए जाने की दुहाई देते हैं.कचरा प्रबंधन में पहले से स्थिति क़ई ज्यादा अब बेहतर होने की डींगें भी हांकते है. लेकिन कचरा ढोने वाले वाहनों की दुर्गति और शहर के विभिन्न इलाकों में कचरा संकलन में जारी कोताही छिपाएं नही छिप रही. क्या पालिका प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग और क्यू मैक्स कंपनी को खुले में घूम रहे मवेशियों की तरह खुली छूट तो नही दी जा रही यह एक बड़ा सवाल है? या फिर कचरे का ठेका चला रही क्यू मैक्स कंपनी के ठेकेदार कचरे के प्रबंधन से ज्यादा अंदरुनी साठगांठ कर औने पौने खर्च का हिसाब जुटा कर मनमाने बिल की उगाही में व्यस्त है. जो भी है दिग्रस शहर वासियों के लिए शहर में कचरे से जुड़ी विभिन्न समस्याएं चिंता का विषय है. इस बदहाली के पीछे पालिका प्रशासक अर्थात मुख्याधिकारी महोदय अतुल पंत की चुप्पी और स्वास्थ्य विभाग के चुनिंदा कथित अनुभवी कर्मचारियों की निष्क्रियता शामिल है. इस स्थिति को बदलने और कचरा व्यवस्थापन में तत्काल सुधार लाने की मांग शहर की जनता मुख्याधिकारी अतुल पंत से कर रही है.

खडे ट्रक और मोटर साइकिल सवार में भिडंत

मोटर साइकिल सवार की मौत

कोंढाली.

नए साल के पहले ही दिन बुधवार 01 जनवरी को रात करीब 10.30 बजे कोंढाली के युवक प्रवीण वासुदेव चन्ने (30) की अपनी बाइक क्रमांक एमएच 27 /बीजी 4178 से काम पर से घर लौटते समय सडक किनारे खडे ट्रक तथा मोटार सायकल के भिडंत में मोटार सायकल सवार मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चमेली के पास राज मार्ग पर नादुरुस्त खडा था.नादुरूस्त ट्रक ड्राइवर ने अपने ना दुरुस्त वाहन को कोई सुरक्षा उपाय नहीं किया था, इसलिए मोटार सायकल सवार सड़क के किनारे खड़े आइसर मालवाहक ट्रक नंबर जीजे 12/बीवाई 6692 से टकरा गया.जिसमे मोटार सायकल सवार की घटनास्थल पर ही मृत्यू हूई. इस घटना की जानकारी मिलने पर कोंढाली के थानेदार राजकुमार त्रिपाठी ने ऑन ड्यूटी स्टाफ पीएसआई शेख सलीम और स्टाफ को मौके पर रवाना किया. पीएसआई सलीम शेख ने मृतक का घटनास्थल का पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए काटोल के ग्रामीण अस्पताल में भेज दिया, साथ ही नागौर के आईसीईआर के चालक वीरम बगूभाई यादव (32) तह. भुज, जिला कच्छ, राजीव टावर के पास, के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस उपनिरीक्षक सलीम शेख अधिक जांच कर रहे हैं.

अखिल भारतीय मुस्लिम महिला एसोसिएशन का सम्मेलन

> शिक्षा, नेतृत्व और सामाजिक सुधार पर केंद्रित महिलाओं की सभा

नागपुर.

अखिल भारतीय मुस्लिम महिला एसोसिएशन द्वारा नागपुर में एक भव्य और ऐतिहासिक महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित महिलाओं ने भाग लिया। यह सम्मेलन मुस्लिम महिलाओं के बौद्धिक विकास, शैक्षिक जागरूकता, सामाजिक सुधार और इस्लामी मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

सम्मेलन में अखिल भारतीय मुस्लिम महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. अस्मा ज़ोहरा ने अपने मुख्य भाषण में कहा, "हमारा उद्देश्य

अपने कार्यों को अच्छे और परोपकारी कार्यों में निवेश करना है। हमें मुस्लिम उम्माह के रूप में अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। हमारे सामने हिजाब, बाल विवाह, महिलाओं की सुरक्षा, वक्फ अधिनियम में संशोधन और नई शिक्षा नीति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।" नीलम ग़ज़ाला ने कहा, "मुस्लिम महिलाओं का सशक्तिकरण बहुत आवश्यक है, क्योंकि मुस्लिम उम्माह में महिलाओं की संख्या पचास प्रतिशत है। हमें धर्मनिरपेक्ष और धार्मिक शिक्षा दोनों पर ध्यान देना चाहिए।"

सम्मेलन में शिक्षकों, समाजसेवियों, और शिक्षा विशेषज्ञों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीदा सैयद ने कहा, "शिक्षा, गरीबी और शोषण की समस्याओं को हल करने में शिक्षित महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।" सम्मेलन में तरनम शेख, डॉ. शबनम, डॉ. निलोफर इंजीनियर, डॉ. तय्यबा अंसारी सहित अन्य प्रमुख शिक्षाविदों और समाजसेवियों ने मुस्लिम महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथियों में यास्मीन अनबर, राबिया मुल्ला, तनवीर खान और नाज़ परवीन ने सम्मेलन में अपने विचार साझा किए। अखिल भारतीय मुस्लिम महिला एसोसिएशन की महासचिव उज़्मा पारिक ने समापन भाषण में कहा, "यह सम्मेलन महिलाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनकी सामाजिक-शैक्षणिक भूमिका को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।"

सम्मेलन में सैकड़ों महिलाओं और छात्राओं ने भाग लिया और यह आयोजन मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

सोयाबीन बेचने की प्रक्रिया चार दिनों से ठप्प

हिंगनघाट. विदर्भ मार्केटिंग संस्था के माध्यम से सोयाबीन की खरीद शुरू की गई है, लेकिन 30 दिसंबर से वर्धा जिले की सभी एजेंसियों की पंजीकरण प्रक्रिया ठप पड़ी है। इस कारण सैकड़ों किसानों के लिए बचे हुए तीन-चार दिनों में पंजीकरण करवाना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

महायुती सरकार ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए खरीफ सीजन में उत्पादित सोयाबीन को 5,000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का निर्णय लिया था। जहां खुले बाजार में सोयाबीन का भाव 4,200 रुपये प्रति क्विंटल है, वहीं सरकार इसे 4,892 रुपये की दर से खरीद रही है। इस आकर्षक दर की वजह से बड़ी संख्या में किसान सहकारी संस्थाओं में अपना पंजीकरण करवा रहे हैं।

पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तय की गई थी, जिसे 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया और फिर विदर्भ मार्केटिंग ने इसे 6 जनवरी तक करने की घोषणा की। इस निर्णय से किसानों में खुशी थी। लेकिन बीते चार दिनों से पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ठप है, जिससे किसान और सहकारी संस्थाओं के कर्मचारी असमंजस में हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि इन बचे हुए दिनों में सैकड़ों किसानों के नाम दर्ज करना और ओटीपी प्रक्रिया को पूरा करना कैसे संभव होगा। ऐसे में सोयाबीन उत्पादक किसानों ने वर्धा जिला मार्केटिंग प्रबंधक से निवेदन किया है कि इस प्रक्रिया की समय सीमा को 20 जनवरी तक बढ़ाया जाए।

यदि जल्द कोई समाधान नहीं निकला, तो किसानों के सामने अपनी फसल बेचने का संकट और गहरा सकता है।

सदर मुस्लिम ग्रंथालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

नागपुर.

1 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक चलने वाले "वाचन संकल्प महाराष्ट्र" उपक्रम के तहत सदर मुस्लिम ग्रंथालय में एक भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 01 जनवरी 2025 को एक सामूहिक वाचन कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें अनजुमन हायस्कूल, सदर के छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम में शालेय शिक्षक असरार हमीद, ग्रंथालय के सचिव हामिद बिन खालिद क़ुरेशी, उपाध्यक्ष अॅड. कुतुब ज़ाफर सहसचिव शेख अब्दुल वहिद और ग्रंथालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

अपने उद्घाटन भाषण में शेख अब्दुल वहिद ने पुस्तक वाचन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "वाचन न केवल व्यक्ति के ज्ञान में वृद्धि करता है, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक है।"

प्रदर्शनी में शैक्षिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित पुस्तकों का संग्रह प्रदर्शित किया गया। क़ुरेशी ने ग्रंथालय की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला और बताया कि यह पुस्तक प्रदर्शनी छात्रों के लिए ज्ञान प्राप्ति का एक अहम अवसर है। उनका कहना था कि ग्रंथालय का उद्देश्य छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना है।

असरार हमीद ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वाचन से वे न केवल शिक्षा में, बल्कि जीवन के विभिन्न पहलुओं में भी प्रगति कर सकते हैं।

अॅड. कुतुब ज़ाफर ने वाचन को समाज और व्यक्तिगत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस सफल आयोजन ने छात्रों में वाचन के प्रति रुचि को बढ़ाया और वाचन संकल्प महाराष्ट्र के उद्देश्य को साकार किया।

नेशनल हाईवे पर चक्का जाम की धमकी

सौंसर.

ग्राम सावंगा के सड़क निर्माण के लिए विधायक विजय चौरे ने ग्रामवासियों के साथ मिलकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दो वर्षों से क्षेत्र के ग्रामीण स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों से इस सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सड़क के खस्ताहाल होने से क्षेत्रवासियों को ओवरलोड डंपरों से उड़ने वाली धूल और गड्ढों से भारी परेशानी हो रही है।

विधायक विजय चौरे ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र के कई गांवों मालेगांव, दुधाला, पारेघाट, खापा, कोदाडोंगरी से होकर जाती है, जिनका हर दिन इस मार्ग से आवागमन होता है। इसके अलावा इस सड़क पर कई दुर्घटनाएँ भी हो चुकी हैं। विधायक ने यह भी कहा कि कलेक्टर ने एक माह का समय मांगा है।

यदि इस अवधि में सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं दी जाती, तो वे सभी ग्रामवासियों के साथ मिलकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। इस अवसर पर म.प्र. आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके, सरपंच श्रीमती रेशमा संजय बागड़े, पूर्व सरपंच देवेंद्र तिरपुड़े सहित अन्य कांग्रेसी नेता और ग्रामवासी उपस्थित थे।

ताकपिरे वाचनालय में वाचन पखवाड़े की शुरुआत

दिग्रस. वाचन संकल्प महाराष्ट्र का इस उपक्रम के तहत स्थानीय बापुनगर में स्थित ताकपिरे गुरुजी सार्वजनिक वाचनालय में 1 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक वाचन संकल्प पखवाड़ा शुरु हो चुका है. इस पहल के तहत ग्रंथालय के सदस्यों , पाठकवर्ग, विद्यार्थीयों को अभ्यासक्रम के अलावा अपनी पंसदीदा किताबों के पठन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है. किताबें पठन कर संबंधित किताबों का अपनी क्षमता अनुसार आकलन कर पढ़ी गयी किताबों की समीक्षा करने और चिंतनपूर्ण परीक्षण निबंध 500 शब्दों में लिखकर 16 जनवरी से पहले ताकपीरे गुरुजी सार्वजनिक वाचनालय के ग्रंथपाल के सुपुर्द करने के साथ ही 20 जनवरी 2025 तक उक्त निबंध का 5 मिनिट का कथन प्रस्तुत करने का आवाहन किया गया है. इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाले स्पर्धकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सत्कार किया जाएगा.

नववर्ष पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नागपुर. सोमवार 30 दिसंबर की शाम 4 बजे से लेकर बुधवार 1 जनवरी की सुबह 4 बजे तक ट्रैफिक पुलिस ने शहर के 10 ट्रैफिक जोनों में कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव के 161 मामले दर्ज किए गए, वहीं 11,463 चालकों पर ट्रैफिक नियम तोड़ने के लिए चालान काटा गया। सक्करदरा ट्रैफिक जोन में सबसे ज्यादा शराबी वाहन चालक पकड़े गए। यहां 26 ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले दर्ज किए गए।

खापरखेड़ा में दिनदहाड़े फायरिंग, एक की मौत, दो गंभीर घायल

खापरखेड़ा.

नागपुर जिले के खापरखेड़ा में दिन दहाड़े फायरिंग की घटना सामने आई है। जिसमें एक की मौत और दो गंभीर घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही क्राइम ब्रांच और खापरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पवन धीरज हिरनवार, काछीपुरा, नागपुर निवासी के रूप में हुई है। मृतक अपराधी प्रवृत्ति का था, उसपर हत्या सहित कई अपराध के मामले दर्ज हैं। शुरूआती जाँच में पुरानी रजिश में हत्या की बात सामने आई है।

उपराजधानी में हत्याओं का सिलसिला लगातार जारी है। दोहरे हत्याकांड को अभी 24 घंटे भी बीते नहीं थे कि, गुरुवार को खपरखेड में दिन दहाड़े एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी। मिली जानकारी एक अनुसार, युवक पवन धीरज हिरणवार, काछीपुरा, नागपुर निवासी अपने दो दोस्तों के साथ कार से खापरखेड़ा थाना क्षेत्र के बाबुलखेड़ा परिसर से जा रहा था।

इसी दौरान तीन दोपहिया में पांच से छह लोग आये और कर पर गोलियां चलाना शुरू कर दी। इस गोलीबारी में पवन की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाकी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। फायरिंग की आवाज सुनते ही आसपास के खेतो में काम कर रहे लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। हत्या की बात पता चलते ही खापरखेड़ा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायको को इलाज के लिए जहाँ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक भी एक अपराधी था, उस पर हत्या सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। शुरूआती जाँच में पुरानी रंजिश में हत्या की बात सामने आई है। फ़िलहाल पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम आगे की जाँच कर रही है।

जिला ग्रंथालय अधिकारी कार्यालय में ग्रंथ प्रदर्शनी का आयोजन

वाचन संस्कृति संरक्षण के लिए 'वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा' उपक्रम

गोंदिया.

वाचन संस्कृति के विकास से युवाओं के व्यक्तित्व का विकास होने के साथ सामाजिक प्रबोधन होने में मदद मिलती है। वर्तमान समय में देश का युवा वर्ग वाचन संस्कृति से दूर होता दिखाई पड़ रहा है। जिसे देखते हुए युवा पीढ़ी को प्रत्यक्ष ग्रंथों के वाचन की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता है। वाचन संस्कृति के संरक्षण के लिए उच्च एवं तंत्र शिक्षण विभाग ने राज्य के विद्यापीठों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक ग्रंथालयों में वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा यह उपक्रम 1 से 15 जनवरी 2025 तक क्रियान्वित करने की घोषणा की है। जिसके तहत 31 दिसंबर को स्थानीय प्रशासकीय इमारत में स्थित जिला ग्रंथालय कार्यालय अधिकारी कार्यालय में जिला ग्रंथालय अधिकारी मिनाक्षी कांबले की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मनोहर म्युनिसिपल सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य भुवनकुमार बिसेन, एसएस गर्ल्स कालेज की फैशन डिजाइनिंग विभाग की प्रमुख साजिया शेख, सहायक जिला सूचना अधिकारी कैलाश गजभिये एवं ग्रंथालय निरीक्षक अस्मिता मंडपे उपस्थित थी।

इस उपक्रम के अंतर्गत सामूहिक वाचन, वाचन कौशल्य, कार्यशाला, वाचन संवाद, पुस्तक परीक्षण एवं कथन स्पर्धा के साथ ही ग्रंथ प्रदर्शनी का आयोजन कर अधिकाधिक विद्यार्थियों का सहभाग एवं सभासद पंजीयन किया जाएगा। उपक्रम के क्रियान्वयन के लिए राज्य, विभाग एवं जिलास्तरीय समितियां बनाई गई है। जिलास्तरीय समिति में जिला ग्रंथालय अधिकारी, जिले के प्रमुख महाविद्यालयों के प्राचार्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक, जिले के प्रमुख सार्वजनिक ग्रंथालयों के ग्रंथपाल के साथ ही जिला सूचना अधिकारी का समावेश है। 1 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला ग्रंथालय अधिकारी कार्यालय में आयोजित ग्रंथ प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य भुवनकुमार बिसेन के हाथों किया जाएगा। वाचन संकल्प महाराष्ट्राचा पखवाड़े के तहत 1 से 15 जनवरी की अवधि में ग्रंथ प्रदर्शन कार्यक्रम जिला ग्रंथालय अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस ग्रंथ प्रदर्शनी का लाभ उठाने का आव्हान जिला ग्रंथालय अधिकारी मिनाक्षी कांबले ने किया है।

शुभांक		
श्रीदेवी	240-6	167-4
श्रीदेवी नाईट	568-9	390-2
प्रभात	469-9	458-7
प्रभात नाईट	220-4	278-7
डायमंड	348-5	346-3
मेन बाजार	689-3	-
मिलन डे	366-5	180-9
मेन रतन	224-8	380-1
कल्याण	447-5	125-8
राजधानी डे	490-3	559-9
राजधानी नाईट	489-1	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	440-8	245-1

याक़ूब बाबा के 33वें सालाना उर्स पर शायदा खान ने पेश की चादर

नागपुर.

हजरत मोहम्मद याक़ूब चिरागउद्दीन शाह बाबा का 33वां सालाना उर्स 30 दिसंबर 2024 को शानोशौकत के साथ मनाया गया। उर्स की शुरुआत परचम कुशाई से की गई। 31 दिसंबर 2024 को शाही संदल निकाला गया और 1 जनवरी 2025 को कुल शरीफ की फातेहा कर उर्स की समाप्ति हुई।

उर्स के इन तीन दिनों में बाबा जान के सज्जादानशीन शेख अय्यूब जुगरी बाबा ने बाबा जान की शान में महफिले-शमा का आयोजन किया। साथ ही जायरिनों के लिए नियाज और लंगर का इंतज़ाम किया गया। उर्स के आखिरी दिन, गरीब नवाज खिदमत कमेटी की मुख्य संयोजक और महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव शायदा बेगम अहमद बक्श खान चिश्ती ने बाबा जान के मज़ार पर चादर, फूल, और इत्र पेश कर मुल्क में अमन और चैन की दुआ की। शायदा खान ने उर्स में आए सभी जायरिनों को उर्स की मुबारकबाद दी।

इस मौके पर गरीब नवाज खिदमत कमेटी के अध्यक्ष आहद खान कादरी, असहद खान कादरी, अब्दुल हसनैन, दरबार कमेटी के शेख साबिर, गुड्डू भाई, शाहिद रजा, मुनवर रजा, मोहम्मद साकिब, तुफैल अहमद, शिवम संबरकर, समसुद्दीन तिगाला, अब्दुल तौफीक, शेख जब्बार, मोईनुद्दीन अन्सारी, वसीम कुरैसी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।